मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20

अनुक्रमांक

नाम

901 **801(AB)**

2018

हिन्दी

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी प्रसिद्ध कवि हैं ।

ii) 'कानन-कुसुम' जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कहानी है ।

iii) डॉ० नगेन्द्र प्रसिद्ध आलोचक हैं ।

iv) 'गोदान' प्रेमचन्द का प्रसिद्ध काव्य है ।





ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) रस-मीमांसा

ii) अर्द्धनारीश्वर

iii) हिमालय की पुकार

iv) आकाश दीप ।

ग) किसी एक एकांकी के लेखक का नामोल्लेख कीजिए । 1

घ) 'ठूँठा आम' के लेखक का नाम लिखिए । 1

ङ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा की रचना है ? 1

2. क) द्विवेदी युग के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए । 2

ख) छायावादी युग की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । 2

ग) 'कर्णफूल' तथा 'रसवन्ती' के रचयिताओं के नाम लिखिए । 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

क) जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड़ में डाल देता है, तब फिर यह नहीं देखता कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखता है । धीरे-धीरे बुरी बातों में अभ्यस्त होते-होते तुम्हारी घृणा कम हो जायेगी ।





पीछे तुम्हें उनसे चिढ़ न मालूम होगी क्योंकि तुम यह सोचने लगोगे कि चिढ़ने की बात ही क्या है ? तुम्हारा विवेक कुंठित हो जायेगा और तुम्हें भले-बुरे की पहचान न रह जायेगी । अंत में होते-होते तुम भी बुराई के भक्त बन जाओगे । अतः हृदय को उज्ज्वल और निष्कलंक रखने का सबसे अच्छा उपाय यही है कि बुरी संगति की छूत से बचो ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) सबसे अच्छा उपाय क्या है ?

ख) कितना जीवन बरस पड़ा है इन दीवारों पर जैसे फसाने-अजायब का भण्डार खुला पड़ा हो । कहानी से कहानी टकराती चली गई है । बन्दरों की कहानी, हाथियों की कहानी, हिरनों की कहानी । कहानी क्रूरता और भय की, दया और त्याग की । जहाँ बेरहमी है वहाँ दया का भी समुद्र उमड़ पड़ा है, जहाँ पाप है वहाँ क्षमा का सोता फूट पड़ा है । राजा और कँगले, बिलासी और भिक्षु, नर और नारी, मनुष्य और पशु सभी कलाकारों के हाथों सिरजते चले गये हैं ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) कलाकारों के हाथों क्या सिरजते चले गये हैं ?

[ Turn over



4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

1 + 4 + 1 = 6

क) अविगत-गति कछु कहत न आवै ।
ज्यौं गूँगे मीठे फल कौ रस, अंतरगत ही भावै ॥
परम स्वाद सबही सु निरन्तर, अमित तोष उपजावै ।
मन-बानी कौं अगम-अगोचर, सो जानैं जो पावै ॥
रूप-रेख-गुन जाति-जुगति-बिनु, निरालंब कित धावै ।
सब विधि अगम बिचारहिं तातैं, सूर सगुन-पद गावै ॥

ख) शोभित है सर्वोच्च मुकुट से
जिनके दिव्य देश का मस्तक
गूँज रही हैं सकल दिशाएँ
जिनके जय-गीतों से अब तक
जिनकी महिमा का है अविरल
साक्षी सत्यरूप हिम-गिरि-वर
उतरा करते थे विमान-दल
जिसके विस्तृत वक्ष स्थल पर ।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी कोई **एक** रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) जयशंकर प्रसाद

ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

iii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए और उनकी **एक** रचना का नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) तुलसीदास

ii) सुमित्रानन्दन पंत

iii) सुभद्राकुमारी चौहान ।





6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3 = 4

"विश्वस्य स्रष्टा ईश्वरः एक एव" इति भारतीय संस्कृतेः मूलम् । विभिन्न मतावलम्बिनः विविधैः नामभिः एकं एव ईश्वरम् भजन्ते । अग्निः, इन्द्रः, कृष्णः करीमः, रामः, रहीमः, जिनः, ख्रिस्तः, बुद्धः, अल्लाहः, इत्यादीनि नामानि एकस्य एव परमात्मनः सन्ति । तम् एव ईश्वरं जनाः गुरुः इत्यपि मन्यन्ते । अतः सर्वेषाम् मतानां समभावः सम्मानश्च अस्माकम् संस्कृतेः सन्देशः ।

**अथवा**

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं,
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पंकजालिः ।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे,
हा हन्त ! हन्त ! नलिनीं गज उज्जहार ॥

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया गया कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) इन्दु दर्शनेन कः वर्धते ?

ii) सुवर्णस्य किं मुख्यं दुःखम् अस्ति ?

iii) वीरः केन पूज्यते ?

iv) आतुरस्य मित्रं किम् अस्ति ?

8. क) हास्य रस की परिभाषा लिखकर उसका **एक** उदाहरण दीजिए । 2

**अथवा**





कौरवों का श्राद्ध करने के लिए
या कि रोने को चिता के सामने
शेष अब है रह गया कोई नहीं
एक वृद्धा एक अन्धे के सिवा ।

उपर्युक्त पंक्तियों में समाहित रस का नाम लिखिए तथा स्थायी भाव का उल्लेख भी कीजिए ।

ख) उपमा अलंकार की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण दीजिए । 2

**अथवा**

रूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए तथा उदाहरण दीजिए ।

ग) रोला छन्द का का एक उदाहरण लिखिए और उसकी पहचान बताइए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से

एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1 = 3

i) प्र

ii) अप

iii) सु

iv) अन

v) अधि

vi) परा

vii) परि ।





ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके

एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 = 2

i) आई

ii) वा

iii) त्व

iv) पन

v) हट

vi) ता ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 2

i) चक्रपाणि

ii) शुभ-अशुभ

iii) नवरत्न

iv) नीलकमल ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के तत्सम रूप लिखिए : 2

i) भीख

ii) कपूर

iii) जीभ

iv) मौत ।





ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

i) पृथ्वी

ii) कमल

iii) आकाश

iv) नेत्र ।

10\. क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए : 2

i) गुरु + आदेश

ii) महा + ओज:

iii) लृ + आकृति:

iv) तथा + एव ।

ख) निम्नांकित शब्दों के रूप पंचमी विभक्ति बहुवचन में लिखिए : 2

i) मधु अथवा मति

ii) तद् अथवा युष्मद् ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) हसतु

ii) पश्यन्ति

iii) पठामः ।





घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

i) अपने राष्ट्र की रक्षा करना हमारा धर्म है ।

ii) मुझे घर जाना चाहिए ।

iii) पेड़ से पत्ते गिरते हैं ।

iv) काशी संस्कृत भाषा का केन्द्र है ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) भ्रष्टाचार उन्मूलन

ii) पर्यावरण-प्रदूषण

iii) विज्ञान का महत्व

iv) स्वदेश-प्रेम

v) विद्यार्थी और अनुशासन ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

ख) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर युधिष्ठिर की चारित्रिक विशेषताओं को लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए ।

[ Turn over



ग) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

घ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर भामाशाह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के प्रताप सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए ।

http://www.upboardonline.com



ङ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

च) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर षष्ठ सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर राम का चरित्रांकन कीजिए ।

[ Turn over



ज) i) 'मातृभूमि के लिए' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण संक्षेप में कीजिए ।

झ) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग का सारांश लिखिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।